# राजस्थान में जैव विविधता एवं वन्य जीव संरक्षण

- ✓ पारिस्थितिकी तंत्र
- ✓ राजस्थान में पारिस्थितिकी समस्याएँ
- ✓ वन्यजीव / पारिस्थितिकी संरक्षण

## पारिस्थितिकी तंत्र (100 words)

➢ राजस्थान राज्य को 4 पारिस्थितिकी तंत्रों में बाँटा गया है–

1. मरु पारिस्थितिकी तंत्र
2. अरावली पारिस्थितिकी तंत्र
3. पूर्वी मैदान पारिस्थितिकी तंत्र
4. हाड़ौती पारिस्थितिकी तंत्र

### 1. मरु पारिस्थितिकी तंत्र–

➢ उत्तर- पश्चिम राजस्थान में विस्तृत।

➢ वनस्पति- इस पारिस्थितिकी तंत्र में जीरोफाइट्स या मरुद्भिद / कंटीली वनस्पति पाई जाती है।
जैसे- कैक्टस, कंटीली झाड़ियाँ, डंडा थोर

➢ वन्यजीव→ मरु लोमड़ी, गोडावण, चिंकारा, कुरजा, छोटा किलकिला काला हिरण।

➢ विशेषता→ इस पारिस्थितिकी तंत्र में जैव विविधता कम पाई जाती है क्योंकि यहाँ वर्षा एवं वनस्पति सघनता कम होती है।

## २. अरावली पारिस्थितिकी तंत्र-

- यह राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर विस्तृत है।
- वनस्पति → उपोष्ण सदाबहार, उष्ण धोक, उष्ण शुष्क मानसूनी/ पतझड़
- वन्यजीव → कब्र बिज्जु (उदयपुर), जंगली मुर्गे, भेड़िये (राजसमंद), खड़मोर (अजमेर), चीतल (जयपुर), सांभर (अलवर), खरगोश (दौसा)

> NOTE- इस पारिस्थितिकी तंत्र में जैव विविधता सर्वाधिक पाई जाती है। क्योंकि यहाँ वनस्पति सघनता अधिक होती है।

## 3. पूर्वी मैदान पारिस्थितिकी तंत्र-

- यह पारिस्थितिकी अरावली के पूर्व में स्थित है।
- इस पारिस्थितिकी तंत्र में उष्ण शुष्क मानसूनी वनस्पति (पतझड़ वन) पाई जाती है, जैसे- साल, सागवान, शीशम, पलाश एवं खैर।
- वन्य जीव- इस पारिस्थितिकी तंत्र में पक्षी जैव विविधता अधिक पाई जाती है। जैसे-
  - जलपीपी - बांसवाड़ा
  - जांघिल - डूंगरपुर
  - सारस - भरतपुर
  - मोर - भीलवाड़ा
  - हंस - टोंक
  - इंडियन स्कीमर (पंछीडा)- धौलपुर

## 4. हाड़ौती पारिस्थितिकी तंत्र-

- यह पा॰ तंत्र राजस्थान के द॰ पू. क्षेत्र में स्थित है।
- इस पारिस्थितिकी तंत्र में उष्ण सागवान वन पाए जाते है।
- वनस्पति- सागवान, गूलर, महुआ, तेन्दु।

Springboard Academy

- वन्यजीव– इसमें जलीय जैव विविधता अधिक पाई जाती है।
  जैसे घड़ियाल (करौली), मगरमच्छ (बारां), गांगेय सूंस, उद्बिलाव (कोटा), सुर्खाब (बूंदी)

विशेषता- इस पारिस्थितिकी तंत्र में वर्षा सर्वाधिक होती है। इस कारण सतही जल की उपलब्धता अधिक होती है।

## राजस्थान में पारिस्थितिकी की समस्याएँ/चुनौतियाँ

### चुनौतियाँ- (50 words)

- राजस्थान में क्षेत्रफल की तुलना मे वन्य जीव कम पाए जाते है।
- जिसका कारण–

| मानवीय कारण | जलवायु/ पर्यावरणीय कारण |
|---|---|
| 1. बढ़ती हुई जनसंख्या एवं पशु सम्पदा। | 1. राजस्थान में अल्प वर्षा का होना। |
| 2. वनों एवं वृक्षों की कटाई। | 2. सतही एवं भूमिगत जल की कम उपलब्धता |
| 3. बढ़ता हुआ नगरीकरण एवं औद्योगिकरण। | 3. प्राकृतिक वनस्पति की कमी। |
| 4. मानव व वन्यजीवों के मध्य बढ़ते हुए आपसी संघर्ष। | 4. बढ़ता हुआ मरुस्थलीकरण। |
| 5. अरावली क्षेत्र में बढ़ता हुआ खनन। | 5. वन्यजीवों के मध्य बढ़ते हुए आपसी संघर्ष। |

Springboard ACADEMY

# वन्यजीव / पारिस्थितिकी संरक्षण

असम के बाद, राजस्थान वन्य जीवों में दूसरा स्थान रखता है। आजादी से राजस्थान को "शिकारियों के स्वर्ग" के रूप में जाना जाता था। आजादी के बाद, पेड़ों की अनियंत्रित कटाई और अवैध शिकार के कारण, केन्द्र और राज्य सरकार दोनों वन और वन्यजीव संरक्षण के लिए संयुक्त रूप से प्रयासरत है।

वन्य जीवों को दो तरीकों से संरक्षित किया जा सकता है-

वन्यजीव संरक्षण

स्वः स्थाने संरक्षण (In-Situ)

- जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में संरक्षित करना।

उदा. • राष्ट्रीय उद्यान
• वन्यजीव अभयारण्य
• बाघ संरक्षण परियोजना
• रामसर साइट
• कन्जर्वेशन रिजर्व
• आखेट निषेध क्षेत्र एवं जैव मण्डल

बाह्य स्थाने संरक्षण (Ex-Situ)

जीवों को उनके प्राकृतिक आवास के बाहर संरक्षित करना।

उदा.- • जंतुआलय
• मृग उद्यान
• पशु जीन बैंक एवं एक्वेरियम

## I. स्वःस्थाने संरक्षण-

- राष्ट्रीय उद्यान- राजस्थान में तीन राष्ट्रीय उद्यान है, जो निम्न लिखित है- (a) रणथम्भौर
(b) केवलादेव
(c) मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान

Springboard ACADEMY

(a) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान- (1980)

- सवाई माधोपुर (२८२.03 $Km^2$)
- राजस्थान का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान (बाघों का घर)
- राजस्थान की प्रथम बाघ परियोजना (प्रमुख बाघिन - मछली / T-16)
- त्रिनेत्र गणेश मन्दिर, जोगी महल एवं कुक्कुर घाटी (डॉग वैली) स्थित।
- धोक वृक्ष की अधिकता
- रणथम्भौर में स्थित तालाब- काला तालाब, जंगली तालाब, सुख तालाब

(b) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान / घाना पक्षी विहार (1981)-

- भरतपुर, क्षेत्र॰→ (२8.73 $Km^2$)
- यूनेस्को धरोहर सूची में शामिल राज्य की एकमात्र प्राकृतिक धरोहर (1985)
- शीत ऋतु में साइबेरियन सारस यहाँ आते है।
- इसे पक्षियों का स्वर्ग भी कहते है।
- 1981 में रामसर सूची में शामिल।
- डॉ. सलीम अली की कर्मस्थली
- अजान बाँध इसी अभयारण्य में स्थित है।
- इस राष्ट्रीय उद्यान में 'ऐंचा' घास अधिक पाई जाती है।

(c). मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान- (२012) (कोटा, चित्तौड़गढ़)

- राजस्थान का नवीनतम राष्ट्रीय उद्यान।
- राजस्थान का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान (२97.62 वर्ग कि.मी)
- गागरोनी तोते एवं बाघों के लिए प्रसिद्ध।

Springboard ACADEMY

- राज्य की तीसरी बाघ परियोजना
- सागवान वनस्पति अधिक पाई जाती है।

NOTE:- मुकुन्दरा
→ राष्ट्रीय उद्यान - (कोटा - चित्तौड़)
→ हिल्स - (कोटा - झालावाड़)
→ बाघ परियोजना - (कोटा, बूँदी, झालावाड़, चित्तौड़)
→ दर्रा अभयारण्य - (कोटा, झालावाड़)

## अभयारण्य

राज्य अभयारण्य - (२६)

**सबसे बड़ा**

1. राष्ट्रीय मरुउद्यान (3162 Km²)
2. कैलादेवी अभयारण्य (677 Km²)
3. कुम्भलगढ़ अभयारण्य (611 Km²)

**सबसे छोटा**

1. सरिस्का - अ (3 Km²)
2. सज्जनगढ़ अभयारण्य (5 Km²)
3. तालछापर अभयारण्य (7 Km²)

## प्रमुख अभयारण्य

| नाम | क्षेत्र | वर्ष | विशेषताएँ |
|---|---|---|---|
| रामसागर | धौलपुर | 1955 | |
| वन विहार | धौलपुर | 1955 | |
| केसरबाग | धौलपुर | 1955 | |
| सरिस्का - अ | अलवर | 2012 | राज. का सबसे छोटा अभयारण्य |
| सरिस्का | अलवर | 1955 | • राज. की दूसरी बाघ परियोजना (1978)<br>• मोर व हरे कबूतर के लिए प्रसिद्ध पांडुपोल, भर्तृहरि मंदिर, नीलकण्ठ महादेव एवं नारायणी माता मन्दिर। |
| सवाई माधोपुर | सवाई माधोपुर | 1955 | |
| जयसंमद | सलूम्बर | 1955 | "जलचरों की बस्ती" क्योंकि जलीय जैव विविधता अधिक। |

Springboard Academy

| | | | |
|---|---|---|---|
| दर्रा | कोटा, झालावाड़ | 1955 | • गागरोनी तोते |
| तालछापर | चुरू | 1962 | • काले हिरण, कुरजा पक्षी एवं गुरु द्रोणाचार्य आश्रम स्थित । <br>• मोचिया घास |
| कुंभलगढ़ | उदयपुर, पाली व राजसंमद | 1971 | • भेड़ियों एवं रणकपुर जैन मंदिर के लिए प्रसिद्ध । |
| जवाहर सागर | बूँदी, कोटा, चित्तौड़गढ़ | 1975 | • घड़ियालों के लिए प्रसिद्ध । <br>• गरड़िया महादेव मन्दिर, गेपरनाथ मन्दिर |
| राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल | धौलपुर, करौली बूँदी, कोटा, स. माधोपुर | 1979 | • घड़ियाल, मगरमच्छ, डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध । |
| सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य | प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ व सलूम्बर | 1979 | • यहाँ अधिकतम जैव विविधता पाई जाती है। <br>• सागवान वृक्ष अधिक पाए जाते हैं। <br>• उड़न गिलहरी, पैंगोलिन, चीतल और चौसिंगा के लिए प्रसिद्ध |
| नाहरगढ़ | जयपुर व जयपुर ग्रामीण | 1980 | • जैविक उद्यान के रूप में विकसित <br>• जयपुर जन्तुआलय (रामनिवास बाग से) स्थानांतरित <br>• इसे एक्जोटिक पार्क के रूप में स्थापित किया जायेगा । <br>• लॉयन सफारी की शुरुआत की। |
| राष्ट्रीय मरु उद्यान | जैसलमेर, बाड़मेर (3162 Km²) | 1980 | • राज्य का सबसे बड़ा अभयारण्य, सेवण घास सर्वाधिक, गोडावण एवं चिंकारा अधिक <br>• इसमें फॉसिल पार्क स्थित है। <br>• गोडावण प्रजनन केन्द्र |
| रामगढ़ विषधारी | बूँदी | 1982 | • इसमें अजगर पाए जाते हैं। <br>• इसमें मेज नदी बहती है। <br>• कनक सागर झील (दुगारी बाँध) <br>• राज्य की 4th बाघ परियोजना |

Springboard Academy

| | | | |
|---|---|---|---|
| जमवारामगढ़ | जयपुर ग्रामीण | 1982 | • धोक वन पाए जाते है<br>• जमवाय माता का मन्दिर |
| टॉडगढ़ अरावली | ब्यावर, पाली, राजसमंद | 1983 | |
| फुलवारी की नाल | उदयपुर कोटड़ा | 1983 | • सोम, मानसी व वाकल नदियाँ बहती है। |
| भैंसरोड़गढ़ | चित्तौड़गढ़ | 1983 | • घड़ियालों के लिए प्रसिद्ध<br>• चम्बल + ब्राह्मणी नदी के किनारे स्थित |
| शेरगढ़ | बारां | 1983 | • ये साँपों, शेरगढ़ दुर्ग, परवन नदी के लिए प्रसिद्ध। "सांपों की शरणस्थली" |
| कैलादेवी | करौली सवाई माधोपुर | 1983 | सर्वाधिक धोक वन |
| सवाई मानसिंह | सवाई माधोपुर | 1984 | |
| बंध बारेठा | भरतपुर | 1985 | "पक्षियों का घरौंदा"; कुकुन्द नदी व बंध बारेठा झील |
| सज्जनगढ़ | उदयपुर | 1987 | • "प्रथम बॉयोलॉजिकल पार्क"<br>• राजस्थान का दूसरा छोटा अभयारण्य |
| बस्सी | चित्तौड़गढ़ | 1988 | जलेश्वर महादेव |
| माउंट आबू | सिरोही | 2008 | • डिक्लिप्टेरा आबू ऐंसिस' वनस्पति पाई जाती है। (अम्बरतरी) • जंगली मुर्गी |

## बाघ परियोजनाएँ

राजस्थान में 5 बाघ परियोजनाएँ

- रणथम्भौर
- सरिस्का
- मुकुंदरा हिल्स
- रामगढ़ विषधारी
- धौलपुर-करौली

Springboard Academy

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. रणथम्भौर | 1974 | स. माधोपुर करौली बूंदी टोंक | 1530.23 Km² | रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, स. माधोपुर अभयारण्य, कैलादेवी, राष्ट्रीय चम्बल अभ. |
| 2. सरिस्का | 1978 | अलवर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण | 1213.34 Km² | सरिस्का और जमवारामगढ़ अभयारण्य |
| 3. मुकुंदरा हिल्स | 2013 | कोटा, बूंदी, झालावाड़, चित्तौड़ | 1135.78 Km² | मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान, दरा अभयारण्य, चम्बल अभयारण्य, जवाहरसागर अभयारण्य |
| 4. रामगढ़ विषधारी | 2021 | बूंदी, कोटा झालावाड़ | 1496.49 Km² | रामगढ़ विषधारी |
| 5. धौलपुर-करौली | 2023 | धौलपुर-करौली | 599.64 Km² | |

## रामसर साइट

↳ वर्तमान में राज्य में दो रामसर साइट है।

1. केवलादेव 1981 → साइबेरियन सारस
2. सांभर 1990 → कुरजा एवं राजहंस

## कंजर्वेशन रिजर्व

↳ राज्य में कुल 37 कंजर्वेशन रिजर्व है,-

1. जोड़बीड़ गढ़वाला → बीकानेर

Springboard Academy

2. जवाई बाँध लैपर्ड-I → पाली
3. जवाई बाँध लैपर्ड-II → पाली
4. बीड़ → झुंझुनूं
5. बांसियाल-खेतड़ी → नीम का थाना
6. बांसियाल-खेतड़ी बागार → नीम का थाना
7. मनसा माता → झुंझुनूं, नीम का थाना
8. बीसलपुर → केकड़ी
9. सुंधा माता → जालौर-सिरोही
10. शाकम्भरी → सीकर, नीम का थाना
11. गोगेलाव → नागौर
12. रोटू → नागौर
13. गुढ़ा विश्नोईयां → जोधपुर
14. उम्मेदगंज पक्षी विहार → कोटा
15. शाहबाद कन्जर्वेशन → बारां
16. बीड़ घास फुलिया खुर्द → शाहपुरा
17. बागदरा मगरमच्छ → उदयपुर
18. रणखार → सांचौर
19. शाहबाद-तलहटी → बारां
20. वाड़ाखेड़ा → सिरोही
21. झालाना-आमागढ़ → जयपुर
22. रामगढ़-कुंजी-सुनवास → बारां
23. अरवड़ गाँव (खड़मोर) → अजमेर
24. खींचन (कुरजां) → फलौदी
25. हमीरगढ़ → भीलवाड़ा
26. बांझ आम्ली → बारां
27. सोरसन-I → बारां
28. सोरसन-II → बारां
29. सोरसन-III → बारां
30. महसीर → उदयपुर

Springboard Academy

३१. बीड़ फतेहपुर → सीकर
३२. बीड़ मुहाना -A → जयपुर
३३. बीड़ मुहाना -B → जयपुर (सबसे छोटा)
३४ अमरख महादेव लैपर्ड → उदयपुर
३५. बालेश्वर → सीकर एवं नीम का थाना (सबसे बड़ा)
३६. गंगा भैरव घाटी → अजमेर
३७ आसोप कंजर्वेशन रिजर्व → भीलवाड़ा

## आखेट निषेध क्षेत्र (राज्य में कुल ३३)

- सबसे बड़ा - कोटसर सम्वतसर - पुरु - बीकानेर
- सबसे छोटा - कनक सागर (बूँदी)
- अन्य
  - जोधपुर – डोली, गुढा बिश्नोई
  - बीकानेर – जोड़बीड़, मुकाम, बज्जू, देशनोक
  - अजमेर – सोखलिया, तिलोरा
  - जयपुर – सन्थाल, महला

II. बाह्य स्थाने संरक्षण :-

A. जन्तु आलय – राजस्थान में ५ जन्तु आलय है।

(i) जयपुर जन्तुआलय –
राज्य का प्रथम जन्तुआलय।

निर्माण - रामसिंह -II, (1876) राम निवास बाग
वर्तमान में नाहरगढ़ अभयारण्य में स्थानांतरित।
यहाँ घड़ियाल प्रजनन केन्द्र स्थित है।

(ii) उदयपुर जन्तुआलय - 1878, गुलाबबाग (उदयपुर) में स्थापित।
→ राज्य का दूसरा जन्तुआलय
वर्तमान- सज्जनगढ़ जैविक उद्यान में स्थानांतरित।

(iii) बीकानेर जन्तुआलय - स्थापना - १९२२

Springboard Academy

### (iv) जोधपुर जन्तुआलय-

स्थापना- 1936

पक्षीशाला एवं गोडावन प्रजनन केन्द्र स्थित है।

### (v) कोटा जन्तुआलय- इसकी स्थापना- 1954

### (B) मृग उद्यान- राजस्थान में कुल 7 मृग उद्यान है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अशोक → जयपुर | | 5. पुष्कर → अजमेर | |
| २. संजय → जयपुर ग्रामीण | | 6. सज्जनगढ़ → उदयपुर | |
| 3. अमृता देवी → जोधपुर | | 7. दुर्ग → चित्तौड़गढ़ | |
| 4. माचिया सफारी → जोधपुर | | | |

### # वन्यजीव शुभंकर- शुरुआत- मार्च २०16, वन विभाग द्वारा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अजमेर | → खड़मोर पक्षी | 18. जालोर | → भालू |
| २. अलवर | → सांभर | 19. जोधपुर | → कुरजा पक्षी |
| 3. बारां | → मगरमच्छ | २0. कोटा | → उदबिलाव |
| 4. बीकानेर | → बटबड़/रेत का तीतर | २1. टोंक | → हंस |
| 5. बूंदी | → सुर्खाब | २२. प्रतापगढ़ | → उड़न गिलहरी |
| 6. चुरू | → काला हिरण | २3. स. माधोपुर | → बाघ |
| 7. दौसा | → खरगोश | २4. सीकर | → शाहिन (बाज) |
| 8. डूँगरपुर | → जांघिल | २5. सिरोही | → जंगली मुर्गी |
| 9. भीलवाड़ा | → मोर | २6. झालावाड़ | → गागरोनी तोता |
| 10. बाँसवाड़ा | → जलपीपी | २7. करौली | → घड़ियाल |
| 11. बाड़मेर | → लोमड़ी | २8. नागौर | → राजहंस |
| 1२. भरतपुर | → साइबेरियन सारस | २9. पाली | → तेंदुआ |
| 13. चित्तौड़गढ़ | → चौसिंगा | 30. राजसमंद | → भेड़िया |
| 14. झुंझुनूं | → काला तीतर | 31. श्रीगंगानगर | → चिंकारा |
| 15. धौलपुर | → पंचीरा (इंडियन स्कीमर) | 3२. उदयपुर | → कब्र बिज्जू |
| 16. हनुमानगढ़ | → छोटा किलकिला | 33. जयपुर | → चीतल |
| 17. जैसलमेर | → गोडावण | | |

Springboard ACADEMY

# मुख्य वन्यजीव—

## १. चिंकारा—

- 1981 में राज्य पशु घोषित।
- वैज्ञानिक नाम → गजेला-गजेला
- नाहरगढ़ अभयारण्य एवं राष्ट्रीय मरुस्थल अभयारण्य चिंकारा के लिए प्रसिद्ध।

## २. गोडावण—

- 1981 में राज्य पक्षी घोषित।
- वैज्ञानिक नाम- Ardeotis Nigriceps
- इसे ग्रेट 'इंडियन बस्टर्ड' एवं 'सोन चिड़िया' भी कहा जाता है।
- यह सर्वाधिक जैसलमेर (मरु उद्यान) अजमेर (सांखलिया) एवं बारां (सोरसन) में पाया जाता है।
- गोडावन प्रजनन केन्द्र, जोधपुर, जैसलमेर (मरु उद्यान) एवं बारां (सोरसन) में स्थित है।
- गोडावन का हैचिंग सेंटर (कृत्रिम प्रजनन केन्द्र) रामदेवरा (जैसलमेर) में स्थापित किया गया।

Springboard ACADEMY

# आर्थिक भूगोल

## कृषि

- ✓ परिचय
- ✓ कृषि जलवायु प्रदेश
- ✓ कृषि के प्रकार
- ✓ कृषि का वर्गीकरण
- ✓ कृषि फसलों के अनुकूल भौगोलिक दशाएँ
- ✓ कृषि विकास के प्रयास

### ✓ परिचय-

कृषि प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा है।
भारत / राजस्थान की कृषि मुख्यतः मानसून पर आधारित है इस कारण कृषि को 'मानसून का जुआ' कहते है।

↳ पूर्वी मैदान को 'कृषि का हृदय स्थल' कहा जाता है क्योंकि यहाँ कृषि उत्पादकता अधिक होती है।

### ✓ कृषि जलवायु प्रदेश-

- भारत → 15
- राजस्थान → 10

↳ कृषि जलवायु प्रदेशों का आधार-
- फसल चक्रण
- मिट्टी
- जल उपलब्धता
- वर्षा

Springboard ACADEMY




## 1. IA ➜ पश्चिमी शुष्क मैदान

- विस्तार- जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, बाड़मेर एवं बालोतरा
- वर्षा - २0-35 cm
- फसल प्रारूप – रबी = गेहूँ, चना, सरसों, ईसबगोल, मोठ एवं जीरा
  – खरीफ = बाजरा, ज्वार

## २. IB ➜ उत्तरी-पश्चिमी सिंचित मैदान

- विस्तार - श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं अनूपगढ़
- वर्षा - 10-30 सेमी.
- फसल प्रारूप ➜ रबी = गेहूँ, सरसों, चना
  ➜ खरीफ = कपास, गन्ना, चावल

## 3. IC ➜ अतिशुष्क एवं आंशिक सिंचित मैदान-

- विस्तार - जैसलमेर, बीकानेर, चुरू आंशिक (रतनगढ़, सरदारशहर, बीदासर एवं सुजानगढ़ तहसील)
- वर्षा - 10-30 सेमी.
- फसल प्रारूप ➜ रबी = गेहूँ, चना, सरसों
  ➜ खरीफ = बाजरा, ज्वार, मूंगफली

Springboard Academy

4. II A (शेखावाटी अन्तः प्रवाह मैदान)–

- विस्तार – सीकर, झुंझुनूं, नागौर, आंशिक चुरू (रतनगढ़, सरदारशहर, बीदासर एवं सुजानगढ़ तहसील को छोड़कर) झुन्झुनू, नागौर, डीडवाना एवं कुचामन।
- वर्षा – 30-50 cm
- फसल प्रारूप → रबी = गेहूँ, सरसों, चना
  → खरीफ = बाजरा, ग्वार, दलहनी फसलें (मूंग, मोठ, चंवला)

5. II B (लूनी अन्तःप्रवाही मैदान)–

- विस्तार – पाली, जालौर-सांचौर, सिरोही (पिण्डवाड़ा, आबूरोड़ तहसील को छोड़कर), पाली, ब्यावर आंशिक (जैतारण एवं रायपुर तहसील)
- वर्षा – 30-50 सेमी
- फसल प्रारूप → रबी = गेहूँ, सरसों, चना, ईसबगोल, जीरा, अरण्डी
  → खरीफ = बाजरा, ग्वार, तिल, अरण्डी

6. III A (अर्द्धशुष्क पूर्वी मैदान)–

- विस्तार – अजमेर, ब्यावर आंशिक (जैतारण एवं रायपुर तहसील को छोड़कर) जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दौसा, टोंक, दूदू, केकड़ी, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़
- वर्षा – 50-70 cm
- फसल प्रारूप → रबी = गेहूँ, सरसों, चना, जौ
  → खरीफ = बाजरा, ज्वार, ग्वार

7. III B → बाढ़ सम्भाव्य पूर्वी मैदान-

- विस्तार – अलवर, डीग, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी
- वर्षा – 50-70 सेमी.
- फसल प्रारूप → रबी = गेहूँ, सरसों
  → खरीफ = बाजरा, ग्वार

Springboard Academy

8. IV A ➜ उपार्द्र दक्षिणी मैदान-

➜ विस्तार – उदयपुर, चित्तौड़गढ़ (बड़ी सादड़ी तहसील छोड़कर) राजसमन्द, भीलवाड़ा, शाहपुरा, सिरोही आंशिक (पिण्डवाड़ा एवं आबूरोड़ तहसील)

➜ वर्षा – 50-90 सेमी.

➜ फसल प्रारूप ➜ रबी = गेहूँ, चना, अफीम
➜ खरीफ = , गन्ना, ज्वार मक्का

9. IV B ➜ आर्द्र दक्षिणी मैदान -

➜ विस्तार – बांसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, सलूम्बर एवं चित्तौड़गढ़ की बड़ी सादड़ी तहसील)

➜ वर्षा – 50-110 सेमी.

➜ फसल प्रारूप ➜ रबी = गेहूँ, अफीम, चना
➜ खरीफ = मक्का, चावल, गन्ना

10. V ➜ आर्द्र द. पू. मैदान-

➜ विस्तार – कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़

➜ वर्षा – वर्षा - 65-110 सेमी

➜ फसल प्रारूप ➜ रबी = गेहूँ, चना, सरसों, मसाला फसलें
➜ खरीफ = मक्का, गन्ना, चावल, सोयाबीन

NOTE- कृषि जलवायु प्रदेश में

| सबसे बड़ा | सबसे छोटा |
|---|---|
| Ist - IC | Ist - IV B |
| 2nd - IA | 2nd - I B |

Springboard ACADEMY

## ✓ कृषि के प्रकार

- वैज्ञानिक प्रकार
- सामान्य प्रकार

### 1. वैज्ञानिक प्रकार-

| कृषि | उत्पादन |
|---|---|
| सेरीकल्चर | रेशम / रेशम कीट |
| पिसीकल्चर | मछली / मत्स्य पालन |
| एपिकल्चर | शहद / मधुमक्खी पालन |
| विटीकल्चर | अंगूर |
| हॉर्टीकल्चर | बागवानी (फल, फूल, सब्जी) |
| पोमोकल्चर | फल |
| फ्लोरीकल्चर | फूल |
| ऑलेरीकल्चर | सब्जियाँ |
| ऑलिविकल्चर | ऑलिव/जैतून |
| सिल्वीकल्चर | वन |
| वर्मीकल्चर | केंचुआ |

### २. सामान्य प्रकार-

(i) मिश्रित कृषि- कृषि एवं पशुपालन संयुक्त रूप से करना।

NOTE- राजस्थान में मिश्रित कृषि सर्वाधिक बाड़मेर में की जाती है।

(ii) बारानी कृषि- वह कृषि जो मानसून आधारित होती है।

NOTE- राजस्थान में बारानी कृषि सर्वाधिक बाड़मेर में की जाती है।

Springboard Academy

(iii) शुष्क कृषि- वह कृषि जो 75 cm से कम वर्षा पर आधारित हो, जैसे- बाजरा, मूंग, मोठ, ग्वार, चना।

(iv) आर्द्र कृषि- वह कृषि जो 75 cm से अधिक वर्षा पर आधारित हो, जैसे- गन्ना, चावल, गेंहू, कपास

(v) मोनोकल्चर- एक कृषि वर्ष में एक खेत में एक फसल का उत्पादन।

(vi) ड्यूओकल्चर- एक कृषि वर्ष में एक खेत में दो फसलों का उत्पादन।

(vii) ओलिगोकल्चर- एक कृषि वर्ष में एक खेत में तीन फसलों का उत्पादन।

(viii) रिलेकल्चर- रिले कृषि बहुफसल की एक पद्धति है जिसमें बोई गई फसल के साथ दूसरी फसल को बोया जाता है।

| NOTE - कृषि वर्ष का अर्थ- 1 जुलाई से 30 जून |
|---|

(ix) खड़ीन कृषि- पश्चिमी राजस्थान में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा शुरु की गई कृषि 'खड़ीन कृषि' कहते है।

➥ यह कृषि मुख्यतः जैसलमेर में प्रचलित है।

(x) स्थानांतरित कृषि / झूमिंग कृषि- पेड़ो को काटकर/ जलाकर की जाने वाली कृषि। (अन्य नाम- कर्तन/ दहन कृषि, राजस्थान में -'वालरा')

➥ राजस्थान में स्थानांतरित कृषि - 1. चिमाता → अरावली क्षेत्र में
2. दजिया → मैदानी क्षेत्र में

➥ राज. में स्थानांतरित कृषि मुख्यतः डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर में

Springboard ACADEMY

की जाती है जिसे 'आदिवासियों की कृषि' एवं 'पर्यावरण की दुश्मन' भी कहा जाता है।

## ✓ कृषि का वर्गीकरण

- मौसम/ऋतु के आधार पर वर्गीकरण
  - खरीफ या स्यालू
  - रबी या उनालू
  - जायद
- उपयोग के आधार पर वर्गीकरण
  - खाद्यान्न फसलें
  - दलहन फसलें
  - तिलहन फसलें
  - रेशेदार फसलें
  - व्यापारिक फसलें
  - पेय फसलें

| | खरीफ या स्यालू | रबी या उनालू | जायद |
|---|---|---|---|
| बुआई – | जून-जुलाई | Oct. NOV. | मार्च-अप्रेल |
| कटाई – | Sep. Oct. | मार्च-अप्रेल | May-June |

## # मौसम/ऋतु के आधार पर वर्गीकरण #

1. खरीफ या स्यालू फसलें –

- अनाज - बाजरा, ज्वार, चावल, मक्का, रागी
- दलहन - मूंग, मोठ, चंवला, अरहर (तूर) उड़द
- तिलहन - तिल, सोयाबीन, मूँगफली, अरण्डी, सूरजमुखी, सूर्यमुखी
- नकदी/व्यापारिक फसले - कपास, गन्ना, ग्वार, जूट (सुनहरा रेशा)

२. रबी फसलें/उनालू फसलें-

- अनाज - गेहूं, जौ
- दलहन - मसूर, चना, मटर
- सब्जी प्रारूप - सरसों, जीरा/राई/सौंफ, लहसुन, प्याज, अदरक, मिर्च मसाला फसलें, मैथी
- नकदी फसलें – तारामीरा, ईसबगोल, अफीम, तंबाकू, अलसी।

Springboard Academy

3. जायद फसलें- खरबूजा, तरबूज, सब्जियाँ, ककड़ी, पशुओं का चारा।

## # उपयोग के आधार पर वर्गीकरण #

1. **अनाज / खाद्यान्न फसलें-**

वे फसले जो खाने या भोजन के रूप में उपयोगी होती है, उन्हे खाद्यान्न / अनाज फसले कहते है।

➤ उदाहरण-

- खरीफ ↓
  - बाजरा,
  - ज्वार
  - मक्का
  - चावल
- रबी ↓
  - गेहूँ
  - जौ

NOTE ➤ प्रमुख खाद्यान्न फसल

- भारत / विश्व ↓ चावल
- राजस्थान ↓ बाजरा

२. **दलहनी फसलें / भूमि उर्वरक फसलें-**

वे फसलें जो कृषि भूमि की उर्वरकता को बढ़ाती है, उन्हें दलहन / भूमि उर्वरक फसले कहते है।

➤ उदाहरण- खरीफ- मूंग, मोठ, चंवला, उड़द।
रबी - चना, मसूर, मटर

NOTE- राजस्थान की प्रमुख दलहन फसल चना है।

3. **तिलहन फसल-**

वे फसलें जिनसे तेल प्राप्त होता है उन्हें तिलहन फसलें कहते है।

➤ उदाहरण- खरीफ ➤ तिल, मूँगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, अरण्डी
रबी ➤ सरसों, राई, अलसी, तारामीरा

NOTE ➤ राजस्थान की प्रमुख तिलहन फसल सरसों है।

Springboard ACADEMY

अन्य तिलहन पादप

- Olive/ जैतून → उपयोग/ USE → खाद्य तेल एवं औषधी में
- HoHoba-or-Jojoba → स्नेहक
- रतनजोत/ जेट्रोफा एवं करंज → बायोडिजल

4. **रेशेदार फसलें-**

1. कपास (सफेद सोना) → भारत/ राजस्थान की 'प्रमुख रेशेदार फसल'
2. जूट/ पटसन (गोल्डन फाईबर/ सुनहरा रेशा)
3. बाँस (आदिवासियों का हरा सोना/ ईमारती लकड़ी)
4. अलसी (तीसी)

5. **नकदी/ व्यापारिक फसलें-**

वे फसलें जो औद्योगिक क्षेत्र में अधिक उपयोगी है, उन्हें नकदी/ व्यापारिक फसलें कहा जाता है।

→ उदाहरण- कपास, ग्वार, गन्ना, तिलहन, तम्बाकू

→ देश या राज्य की प्रमुख व्यापारिक फसल कपास है।

6. **पेय फसलें-**

वे फसले जो पेय/ पीने के रूप में उपयोगी हो, उन्हें पेय फसलें कहा जाता है।

→ जैसे - चाय, कॉफी (कहवा) तंबाकू, गन्ना।

## प्रमुख फसलों की भौगोलिक दशाएँ

| फसल | वर्षा | तापमान | मिट्टी |
|---|---|---|---|
| बाजरा | 25-50 | 25°C- 35°C | रेतीली, जलोढ़ |
| जौ | 50-100 | 15°C-20°C | जलोढ़ |
| गेहूँ | 50-100 | 15°C-20°C | जलोढ़ |
| सरसों | 50-100 | 15°C- 20°C | जलोढ़ |
| कपास | 50-100 | 21°C- 24°C | काली |
| मक्का | 50-100 | 21°C- 24°C | लाल चिकनी |
| गन्ना | 125-150 | 21°C- 24°C | जलोढ़ |
| चावल | 150-200 | 21°C- 24°C | जलोढ़ |

Springboard Academy

NOTE- रबी = 15°C - 20°C
खरीफ = 21°C - 28°C

# बाजरे की भौगोलिक दशाएँ एवं वितरण-

- बाजरा खरीफ की फसल का उदाहरण है। जिसकी प्रमुख भौगोलिक दशाएँ—

1. वर्षा- 25-50 सेमी. वर्षा की आवश्यकता

2. तापमान- बाजरे के लिए अनुकूल तापमान 25°C-35°C होता है।

3. मिट्टी- बाजरा मुख्यतः जलोढ़ एवं रेतीली मिट्टी में उत्पादित होता है।

वितरण-

- बाजरा राजस्थान में मुख्यतः उत्तरी-पश्चिमी मरुस्थलीय क्षेत्र व पूर्वी मैदान में उत्पादित होता है।

जिसमें प्रमुख जिले-
1st - अलवर
2nd - बाड़मेर
3rd - जयपुर

# बाजरे की प्रमुख उच्च गुणवत्ता वाली किस्में-




- राज 171
- RCB-2
- RCB-911
- RHB-30

Springboard ACADEMY

# राजस्थान कृषि फसलें

## प्रमुख फसलों के उत्पादन वाली किस्में (रिपोर्ट-२०२१-२२)

| फसल | सर्वाधिक उत्पादन | सर्वाधिक बुवाई क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. गेहूँ | (1) श्री गंगानगर (२) हनुमानगढ़. (3) अलवर | (1) हनुमानगढ़. (२) श्री गंगानगर |
| २. बाजरा | (1) अलवर, (२) जयपुर, (3) दौसा | (1) बाड़मेर (२) जोधपुर |
| 3. मक्का | (1) चितौड़. (२) भीलवाड़ा (3) उदयपुर | (1) भीलवाड़ा (२) उदयपुर |
| 4. कपास | (1) हनुमानगढ़. (२) श्री गंगानगर (3) जोधपुर | (1) हनुमानगढ़. (२) श्री गंगानगर |
| 5. गन्ना | (1) श्री गंगानगर (२) चितौड़. (3) बूंदी | (1) श्री गंगानगर (२) चितौड़. |
| 6. जौ | (1) जयपुर (२) श्रीगंगानगर (3) सीकर | (1) जयपुर (२) श्रीगंगानगर |
| 7. चावल | (1) बूंदी (२) हनुमानगढ़. (3) कोटा | (1) बूंदी (२) हनुमानगढ़. |

## # प्रमुख फसलों की उच्च गुणवत्ता वाली किस्में-

1. बाजरा
   - RAJ-171
   - RCB-2
   - RCB-911
   - RHB-30

२. कपास
   - नरमा
   - बीकानेरी नरमा
   - PST-9
   - US-81
   - US-51
   - US-71

कोटा-बूंदी = बासमती

बांसवाड़ा = माही सुगंधा

Springboard ACADEMY

3. गेहूँ
- M07-नबी (मरू गेहूँ-नबी)
- लेमी (काला गेहूँ)
- कल्याण सोना (1482)
- सोनालिका
- मालविका
- कोहिनूर
- दुर्गापुरा-65 एवं चम्बल 65

4. चावल
- बासमती
- माहीसुगंधा
- परमल
- चम्बल
- पद्मा
- जमुना

5. गन्ना
- CO-419
- CO-449
- CO-1007
- CO-1111

6. सरसों
- पूसा बोल्ड
- राजविजय सरसों-2
- पूसा सरसों-25
- पूसा सरसों-21

7. मक्का
- माही धवल
- माही कंचन
- HM-4
- HM-8
- HM-9
- अरुण
- किरण
- प्रभात

8. जौ
- करण
- कैलाश
- केदार
- ज्योति

Springboard Academy

# कृषि विकास

- कृषि अनुसंधान केन्द्र
- कृषि उत्कृष्टता केन्द्र
- कृषि विश्वविद्यालय
- कृषि नीतियाँ
- K-3 → 'कृषक कल्याण कोष'
- कृषि निवेश कार्यक्रम (GRAM)

## 1. कृषि अनुसंधान केन्द्र -

- (a.) केन्द्र सरकार (ICAR)
- (b) राज्य सरकार

### (a.) केन्द्र सरकार

- ICAR [ Indian Counsil Of Agricultural Research]
  (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)

शुष्क बागवानी, बीछवाल (बीकानेर), (1993)



रेपसीड एवं सरसों अनु॰ केन्द्र (सेवर, भरतपुर) - 1993

CAZRI → 1959 (जोधपुर)

बीजीय अनुसंधान केन्द्र, तबीजी (डुमाडा) - अजमेर, 2000

### (b) राज्य सरकार

- RARI = [Rajasthan Agricultural Research Institute]
  ↳ दुर्गापुरा, जयपुर → 1953

- बेर अनुसंधान केन्द्र
- खजूर अनुसंधान केन्द्र
  } → बीछवाल (बीकानेर)
- बाजरा अनुसंधान केन्द्र - जोधपुर & बाड़मेर
- इसबगोल अनुसंधान केन्द्र - जोधपुर

Springboard Academy

- मक्का अनुसंधान केन्द्र - बांसवाड़ा
- चावल अनुसंधान केन्द्र - बांसवाड़ा
- ज्वार अनुसंधान केन्द्र - वल्लभनगर (उदयपुर)

२. कृषि उत्कृष्टता केन्द्र-

| उत्कृष्टता केन्द्र | जिले |
| --- | --- |
| 1. खजूर | सगरा भोजका (जैसलमेर) |
| २. बाजरा | जोधपुर |
| 3. अंजीर | सिरोही (प्रस्तावित) |
| 4. नींबू वर्गीय पादप/ मसाला एवं औषधीय पादप | झालावाड़ |
| 5. नींबू वर्गीय पादप | कोटा (नांता) |
| 6. सब्जी | बूंदी |
| 7. सीताफल | चित्तौड़ |
| 8. अमरूद | 1st- देवडावास - टोंक<br>2nd- स. माधोपुर |
| 9. एपीकल्चर | टोंक (प्रस्तावित) |
| 10. फूल/ पुष्प | S. माधोपुर |
| 11. अनार | बस्सी (जयपुर ग्रामीण) |
| 12. ड्रेगन फ्रूट | बस्सी (जयपुर ग्रामीण) |
| 13. ऑलिव / जैतून | बस्सी (जयपुर ग्रामीण) |
| 14. आँवला, आम, जैतून | खैमरी (धौलपुर) |

Springboard Academy

## 3. कृषि विश्वविद्यालय-

1st → स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय = बीकानेर (१९८७)



श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय (जोबनेर, जयपुर ग्रामीण - 2013)

जोधपुर कृषि विश्व. (मंडोर), 2013

कृषि विश्वविद्यालय, बोरखेड़ा, (कोटा) - 2013

2nd → महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (उदयपुर) (१९९९)

## 4. कृषि नीतियाँ-

- राज्य कृषि नीति → 26 जून 2013
- जैविक कृषि नीति → जून 2017
- कृषि प्रसंस्करण नीति
  कृषि व्यवसाय
  कृषि निर्यात प्रोत्साहन
  नीति - 2019

## 5. K-3 (कृषक कल्याण कोष) - स्थापना - dec. 2019

उद्देश्य- किसानों को उनकी कृषि फसल/उपज की उचित कीमत उपलब्ध करवाना।

→ कुल कोष - 7,500 करोड़ ₹

## 6. राजस्थान में आयोजित GRAM = Global Rajasthan Agritech Meet

- Ist - Gram → जयपुर NOV. 2016
- IInd - Gram → कोटा May - 2017
- IIIrd - Gram → उदयपुर NOV. - 2017

Springboard ACADEMY

# पशु सम्पदा



A. परिचय

B. पशुगणना

C. पशुओं की प्रमुख नस्लें

D. पशुओं के अनुसंधान केन्द्र

E. पशुओं से सम्बन्धित प्रमुख रोग

F. पशु मेले

G. पशुओं से सम्बन्धित योजनाएँ

## A. परिचय

- पशु सम्पदा अर्थव्यवस्था में प्राथमिक क्षेत्र का हिस्सा है जो मिश्रित एवं शुष्क कृषि का महत्वपूर्ण हिस्सा है।
- अर्थव्यवस्था में कृषि एवं सम्बन्धित क्षेत्रों में पशुधन क्षेत्र का अंश/योगदान 48.58 प्रतिशत है।
- राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पशुपालन का योगदान लगभग 10.99% है।

**कृषि सम्बन्धित क्षेत्र-**

- कृषि फसल = 44.53 %
- पशुधन = 48.58 %
- वानिकी क्षेत्र = 6.40 %
- मत्स्य क्षेत्र = 0.49 %



Springboard ACADEMY

## B. पशुगणना

- पशुगणना, पशुपालन विभाग (1958), जयपुर के द्वारा करवाई जाती है।
- पशुगणना का समय = 5 वर्ष में 1 बार (प्रथम पशुगणना = 1919)
- नवीनतम पशुगणना = 2019 (20 वीं पशुगणना) के अनुसार–

**राजस्थान में कुल पशु सम्पदा**

| 2012 | 2019 |
|---|---|
| 577.32 लाख | 568.01 लाख |

कमी −1.61 % (9.31 लाख)

- 20 वीं पशुगणना के अनुसार राजस्थान मे पशु सम्पदा देश की कुल पशु सम्पदा का = 10.60 प्रतिशत
- 20 वीं पशुगणना के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक पाए जाने वाले पशु –

1st - बकरी = 36.70 %
IInd - गाय = 24.57 %
IIIrd - भैंस = 24.10 %
IVth - भेड़ = 13.91 %

देश की वह पशु सम्पदा जो राजस्थान में सर्वाधिक पाई जाती है – ऊँट, गधा, बकरी इत्यादि।

| पशु | राज० का देश में योगदान |
|---|---|
| ऊँट | 84.43 % |
| गधे | 18.91 % |
| बकरी | 10.64 % |

Springboard ACADEMY

## २० वीं पशुगणना के अनुसार राजस्थान में पशुघनत्व – 166/km²

**सर्वाधिक**

1. डूँगरपुर – 433
2. बाँसवाड़ा – 386
3. दौसा – 308
4. जयपुर – 208

**न्यूनतम**

1. जैसलमेर – 62
2. बीकानेर – 90
3. बारां – 110
4. चुरू – 117

## २० वीं पशुगणना के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी वाले पशु

**संख्या के आधार पर**

1. भैंस
2. गाय

**प्रतिशत के आधार पर**

1. भैंस (5.53%)
2. गाय (4.60%)

## २० वीं पशुगणना के अनुसार सर्वाधिक कमी वाले पशु

**संख्या के आधार पर**

1. भेड़
2. बकरी
3. ऊँट
4. सूअर
5. गधा

**प्रतिशत के आधार पर**

1. गधा – 71.31%
2. खच्चर – 60.33%
3. सुअर – 34.87%
4. ऊँट – 34.69%
5. भेड़ – 12.95%

Springboard ACADEMY

# 8. राजस्थान की पशु नस्लें

18 वीं पशुगणना (2007) पहली बार पशुओं की नस्ल के आधार पर की गई पशुगणना थी।

## 1. बकरी (सर्वाधिक - बाड़मेर, न्यूनतम - धौलपुर)

| नस्ल | क्षेत्र | विशेष |
|---|---|---|
| 1. मारवाड़ी / लोही | उत्तरी - पश्चिमी राजस्थान (जोधपुर, पाली, जालौर) | • मांस के लिए प्रसिद्ध |
| 2. जखराना / अलवरी | अलवर, बहरोड़ | • सर्वाधिक दूध देने वाली नस्ल। |
| 3. शेखावाटी | सीकर, झुंझुनूं | • बिना सींग वाली बकरी<br>• काजरी वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नस्ल |
| 4. परबतसरी | नागौर, अजमेर टोंक | • पौष्टिक दूध देने वाली नस्ल |
| 5. बारबरी | पूर्वी राजस्थान (अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर) | • सर्वाधिक सुन्दर |
| 6. सिरोही | सिरोही, जालौर | • मांस के लिए प्रसिद्ध |
| 7. जमनापरी | हाड़ौती (कोटा, बूंदी, झालावाड़) | • मांस व दूध के लिए प्रसिद्ध |

NOTE- 1. वरुण गाँव (नागौर) की बकरियाँ सर्वश्रेष्ठ नस्ल की मानी जाती है।
2. बकरी को गरीब की गाय या चलता-फिरता फ्रिज कहा जाता है।

Springboard ACADEMY

NOTE- बकरी के मांस को 'चेवण' कहा जाता है।

२. गौवंश - (सर्वाधिक - बीकानेर, जोधपुर व न्यूनतम- धौलपुर)

| नस्ल | क्षेत्र | विशेष |
|---|---|---|
| 1. राठी | बीकानेर, जैसलमेर, गंगानगर | • सर्वाधिक दूध देने वाली<br>• राजस्थान की कामधेनु<br>• यह लाल सिंधी व साहीवाल का मिश्रण है। |
| २. थारपारकर | जैसलमेर, बाड़मेर व जोधपुर | सिन्ध प्रान्त (पाक) व मालानी (बाड़मेर) की नस्ल |
| 3. गिर | अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़ | मूलतः गुजरात (गिर) की नस्ल |
| 4. नागौरी | नागौर | • नागौरी बैल दौड़ने में, भारवहन में तथा कृषि कार्यों में सर्वश्रेष्ठ माने जाते है। |
| 5. कांकरेज | बाड़मेर व जालौर | मूल स्थान- गुजरात |
| 6. मेवाती | अलवर, भरतपुर | बोझा ढोने हेतु |
| 7. हरियाणवी | सीकर, झुंझुनू | मूल स्थान- हरियाणा |
| 8. मालवी | द० पूर्वी राजस्थान | मूल स्थान- मालवा (M.P) |
| 9. सांचौरी | जालौर, सिरोही | डेयरी उद्योग हेतु प्रसिद्ध |

Springboard ACADEMY

## * गायों की विदेशी नस्लें-

1. जर्सी → मूल स्थान- अमेरिका
2. रेड डेन → मूल स्थान- डेनमार्क
3. हॉलिस्टिन → मूल स्थान- हॉलेण्ड + अमेरिका
   - शरीर पर काले व सफेद चकते।
   - सर्वाधिक दुग्ध देने वाली गाय की नस्ल।

3. भैंस :- (सर्वाधिक - जयपुर , न्यूनतम - जैसलमेर)

| नस्ल | क्षेत्र | विशेष |
|---|---|---|
| 1. मुर्रा (खुंडी) | पूर्वी राजस्थान | राज. में सर्वाधिक पाए जाने वाली व सर्वाधिक दुग्ध देने वाली नस्ल। |
| 2. सूरती | उदयपुर, जालौर, सिरोही | मूल स्थान - गुजरात |
| 3. जाफराबादी | द. पश्चिमी राजस्थान | मूल स्थान - गुजरात |
| 4. मेहसाना | द. पश्चिमी राजस्थान | मूल स्थान - गुजरात |
| 5. भदावरी | पूर्वी राजस्थान | मूल स्थान - उत्तरप्रदेश "सर्वाधिक वसा वाला दुग्ध" |

### भैंसों की अन्य नस्लें-

1. नागपुरी
2. रथ
3. राठ

Springboard ACADEMY

5. भेड़ ( सर्वाधिक - बाड़मेर, न्यूनतम - बांसवाड़ा

| नस्ल | क्षेत्र | विशेष |
|---|---|---|
| मालपुरी | जयपुर, टोंक, स॰ माधोपुर | ऊन मोटी होने के कारण गलीचों के लिए उपयुक्त |
| चोकला | झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर | सर्वश्रेष्ठ किस्म की ऊन प्राप्त होती है, जिसे 'भारत की मेरिनो' कहते है। |
| सोनाड़ी/ चनोथर | उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़ | लम्बे कान वाली |
| नाली | हनुमानगढ़, गंगानगर | घग्घर नदी क्षेत्र में पाई जाने वाली नस्ल। |
| पूगल | बीकानेर | |
| मगरा | बीकानेर | 'बीकानेरी चोकला' कहतें हैं |
| मारवाड़ी | जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, पाली | राजस्थान में सर्वाधिक पाई जाने वाली, सर्वाधिक रोग प्रतिरोधक क्षमता |
| जैसलमेरी | जैसलमेर, जोधपुर | • सर्वाधिक ऊन प्राप्त |
| खैरी | जोधपुर, पाली, नागौर | • ऊन गलीचों के लिए उपयुक्त |

→ भेड़ की विदेशी नस्लें -

1. रूसी मैरिनों – टोंक, जयपुर, सीकर
2. रेम्बुल – टोंक
3. डोरसेट – टोंक
4. कोरिडेल – चित्तौड़

Springboard ACADEMY

(5.) ऊँट (सर्वाधिक - जैसलमेर, न्यूनतम - प्रतापगढ़)

राजस्थान के राज्य पशु →
- वन्यजीव में = चिकांरा (1981)
- पशुधन में = ऊँट (Sep. 2014)

| नस्ल | क्षेत्र | विशेष |
|---|---|---|
| बीकानेरी | बीकानेर | • भार/बोझा ढोने के लिए, • आँख व कानों पर बाल |
| नाचना | जैसलमेर | सुंदरता व दौड़ के लिए प्रसिद्ध। |
| गोमठ | जोधपुर | ऊँट सवारी के लिए प्रसिद्ध। |

★ अन्य नस्लें – सिंधि, कच्छी, मेवाती, मेवाड़ी

6. अश्व (सर्वाधिक - बीकानेर, बाड़मेर व न्यूनतम - डूँगरपुर)

| नस्ल | क्षेत्र | विशेष |
|---|---|---|
| 1. मालाणी | बाड़मेर (गुड़ा मालानी), बालोतरा (सिवाणा) | सर्वश्रेष्ठ घोड़े की नस्ल |
| 2. मारवाड़ी | पश्चिमी राजस्थान | |
| 3. काठियावाड़ी | बाड़मेर, जालौर | इसका सिर अरबी घोड़े जैसा होता है। |

7. गधा (सर्वाधिक - बाड़मेर)

8. कुक्कुट (सर्वाधिक - अजमेर, उदयपुर)

9. सूअर (सर्वाधिक - जयपुर, भरतपुर)

10. खच्चर (सर्वाधिक - अलवर)

Springboard Academy

## ७. पशु प्रजनन एवं अनुसंधान केन्द्र

- राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र – जोहड़बीड़ (बीकानेर)
- केन्द्रीय पशु अनुसंधान केन्द्र – सूरतगढ़ (श्री गंगानगर)
- भेड़ एवं ऊन अनुसंधान केन्द्र – अविकानगर (टोंक)
- भेड़ प्रजनन केन्द्र – फतेहपुर (सीकर), इसकी एक इकाई = बांकलिया (डीडवाना कुचामन)
- भैंस अनुसंधान केन्द्र – वल्लभनगर (उदयपुर)
- भैंस प्रजनन केन्द्र – डग (झालावाड़), कुम्हेर (डीग)
- बुल मदर फार्म – चाँदन गाँव (जैसलमेर)
- बकरी प्रजनन केन्द्र – रामसर (अजमेर)
- सूअर प्रजनन केन्द्र – अलवर
- अश्व प्रजनन एवं अनुसंधान केन्द्र – केरू (जोधपुर)

## ८. पशुओं से सम्बन्धित प्रमुख रोग

| पशु रोग | प्रभावित पशु | पशु रोग | प्रभावित पशु |
|---|---|---|---|
| 1. शीप पॉक्स | भेड़, बकरी | 5. बर्ड फ्लू (H5N1) | मुर्गियों में |
| २. ब्लू टंग | भेड़ | 6. सर्रा (तिवरसा) | मुख्यतः ऊँटों में |
| 3. स्वाइन फ्लू (H1N1) | सूअर | 7. रानीखेत | मुर्गियों में |
| 4. रैबीज | श्वान (कुत्ता) | 8. खुरपका-मुँहपका | गाय व बैल |

Springboard Academy

## F. राजस्थान के प्रमुख पशु मेले

| पशु मेला | स्थान | पशु गौवंश |
|---|---|---|
| 1. श्री बलदेव पशु मेला | मेड़ता (नागौर) | नागौरी |
| 2. श्री तेजाजी पशु मेला | परबतसर (नागौर) | नागौरी |
| 3. श्री रामदेव पशु मेला | मानासर (नागौर) | नागौरी |
| 4. श्री मल्लीनाथ पशु मेला | तिलवाड़ा (बाड़मेर) | थारपारकर, कांकरेज |
| 5. चन्द्रभागा पशु मेला | झालरापाटन (झालावाड़) | मालवी |
| 6. श्री गोमतीसागर पशु मेला | झालरापाटन (झालावाड़) | मालवी |
| 7. श्री जसवन्त पशु मेला | भरतपुर | हरियाणवी |
| 8. गोगामेड़ी पशु मेला | हनुमानगढ़ | हरियाणवी |
| 9. महाशिवरात्री पशु मेला | करौली | हरियाणवी |
| 10. कार्तिक पशु मेला | पुष्कर (अजमेर) | गिर |

* उपरोक्त सभी पशु मेले पशुपालन विभाग, जयपुर द्वारा आयोजित।

Springboard ACADEMY

## G. पशु विकास से संबंधित योजनाएँ

### 1. गोपाल योजना –

- शुरुआत - 2 अक्टूबर, 1990 (दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान, 10 जिले)
- उद्देश्य - ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं की नस्लों में सुधार करना और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना।

## २. कामधेनु योजना-

- शुरुआत- 1997-98 में
- उद्देश्य- गौवंश संबंधी उन्नत नस्ल के प्रजनन केन्द्रों की स्थापना करना।

## 3. ADMAS स्कीम- (Animal Diseases Monitoring and Surveillance)

- शुरुआत- 1999
- उद्देश्य- ICAR (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्) के माध्यम से गाय और भैंस की नस्लों को रोगमुक्त करना।

## 4. राजीव गाँधी कृषि एवं पशुपालन विकास मिशन-

- शुरुआत- 19 जनवरी, २०10
- उद्देश्य- पशु विकास नीति में निर्धारित उद्देश्यों को पुरा करना।

## 5. मुख्यमंत्री पशुधन निःशुल्क दवा योजना-

- शुरुआत- 15 Aug. २०1२
- उद्देश्य- राज्य सरकार द्वारा पशु विकास के लिए आवश्यक दवाईयाँ निःशुल्क उपलब्ध करवाना।

## 6. अविका कवच योजना-

- शुरुआत- २004, पुनः २009, पुनः २016
- यह भेड़ों की बीमा योजना है जिसमें सब्सिडी—
  - SC/ST और BPL = 80%
  - अन्य पशुपालकों को = 70%

Springboard ACADEMY

## 7. भामाशाह पशु बीमा योजना :-

- शुरुआत- २३ जुलाई २016
- उद्देश्य- भामाशाह कार्ड धारक पशुपालकों के पशुओं का बीमा अनुदान—
  - SC/ST/BPL को = 70%
  - सामान्य श्रेणी को = 50%

## 8. गौशाला बायोगैस सहभागिता योजना :-

- 1 अप्रैल, २018 से प्रारम्भ
- उद्देश्य - गौशाला को आत्मनिर्भर बनाना
- एक गौशाला में एक बायोगैस सयंत्र लगाया जाएगा।
- इसके लिए लागत का 50% या अधिकतम 40 लाख तक अनुदान।

## 9. मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना- (शुरुआत- 1 feb, २019)

- अनुदान राशि = २ ₹/ लीटर से 5 ₹/ लीटर (सरस डेयरी में वितरण पर)

## 10. नंदी गौशाला जनसहभागिता योजना :-

- प्रारम्भ - २9 अगस्त, २019
- 90:10 में सरकारी सहायता
- 16 नंदी गौशाला स्थापित की जा चुकी है।

## 11. कामधेनु बीमा योजना- (शुरुआत - 6 सितम्बर, २0२3)

- दुधारू पशु (गाय, भैंस) के लिए
- निःशुल्क बीमा - 40,000 ₹ प्रति पशु (एक परिवार में अधिकतम २ पशु)
- यदि किसी पशुपालक के पास दो से अधिक गाय, भैंस है तो अपेक्षाकृत अधिक दुधारू व स्वस्थ पशु का बीमा किया जाएगा।

Springboard ACADEMY

## १२. मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना-

शुरुआत - बजट जुलाई, २०२५

- 5 लाख – दुधारू गाय, भैंस, भेड़, बकरी
- 1 लाख – ऊँट/ ऊँटनी
- बीमा राशि – अनुदान 50% से बढ़ाकर 75%

| |
|---|
| NOTE- प्रत्येक परिवार से 1 पशु का बीमा निःशुल्क किया जाएगा। |

### H. अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु

1. पशुपालन विकास कोष = २50 क. ₹

२. ऊँट → ऊँट संरक्षण एवं विकास मिशन (बजट जुलाई, २०२५)
   → नवजात ऊँट के पालन पोषण की राशि 10,000 ₹ → २0,000 ₹

Springboard ACADEMY

# उद्योग / Industries

- ✓ सामान्य परिचय
- ✓ उद्योगों का वर्गीकरण
- ✓ औद्योगिक विकास
- ✓ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

## A. सामान्य परिचय –

औद्योगिक विकास की दृष्टि से राजस्थान पिछड़ा हुआ राज्य है क्योंकि–

- राजस्थान में जलवायु की विपरित दशाएँ पाई जाती है।
- आधारभूत अवसंरचना का अल्प विकास
- औद्योगिक क्षेत्र में निवेश कम होना।
- कुशल श्रमिकों का अभाव।

कोटा को तीव्र औद्योगिक विकास के कारण राजस्थान की "औद्योगिक नगरी" कहा जाता है।

↳ वर्तमान में राजस्थान में-

- सर्वाधिक उद्योग / फैक्ट्री - जयपुर
- सर्वाधिक वृहद उद्योग - अलवर

## B. उद्योगों का वर्गीकरण–

### उद्योगों का वर्गीकरण

- आकार के आधार पर
- विनिर्माण के आधार पर
- स्वामित्व के आधार पर

Springboard Academy

**1. आकार के आधार पर-** आकार के आधार पर उद्योगों को तीन भागों में बाँटा गया है, जिसका आधार पूँजी एवं टर्नओवर है।

| उद्योग | पूँजी / निवेश | टर्नओवर |
|---|---|---|
| (i) सूक्ष्म | 1 करोड़ | 5 करोड़ |
| (ii) लघु | 1 - 10 करोड़ | 5 - 50 करोड़ |
| (iii) मध्यम | 10 - 50 करोड़ | 50 - 250 करोड़ |

**कुटीर उद्योग-** निम्न तकनीक पर आधारित उद्योग जिनका उद्देश्य लाभ प्राप्त करने के स्थान पर आजीविका चलाना होता है।

**विनिर्माण के आधार पर-** विनिर्माण के आधार पर उद्योगों का कच्चे माल के आधार पर वर्गीकरण किया जाता है।

**विनिर्माण के आधार पर**

- कृषि आधारित उद्योग
- खनिज आधारित उद्योग
- वनोत्पाद आधारित उद्योग
- इंजीनियरिंग / तकनीकी उद्योग
- रासायनिक उर्वरक उद्योग

**I. कृषि आधारित उद्योग-**

1. सूती वस्त्र उद्योग
2. चीनी उद्योग
3. ऊन उद्योग
4. वनस्पति घी एवं सरसों तेल उद्योग
5. डेयरी उद्योग
6. बायोडिजल
7. जैतून तेल उद्योग

**1. सूती वस्त्र उद्योग-** (कच्चा माल - कपास)

↳ प्रथम सूती वस्त्र मिल - 'दी कृष्णा कॉटन मिल'

Springboard Academy

↳ स्थापना- 1889 (ब्यावर, अजमेर)

↳ संस्थापक- सेठ दामोदर दास राठी एवं कर्नल डिक्सन

## सार्वजनिक सूती वस्त्र उद्योग

- 1st एडवर्ड (ब्यावर-1906)
- विजयनगर (ब्यावर)
- महालक्ष्मी (ब्यावर) (1925)

## राजस्थान की सहकारी सूती वस्त्र मिलें

- राजस्थान सहकारी कताई मिल, गुलाबपुरा (भीलवाड़ा - 1965) → (प्रथम सहकारी सूती वस्त्र मिल)
- गंगापुर सहकारी कताई मिल, (भीलवाड़ा, 1981)
- श्रीगंगानगर सहकारी कताई मिल (हनुमानगढ़ - 1978)
- गुलाबपुरा स्पिनिंग & जिनिंग सहकारी मिल

SPINFED (स्पिनफैड) - Rajasthan State Cooperative Spinning & Ginning Mills federation Ltd.

स्थापना- 1 अप्रैल, 1993

यह सहकारी सूती वस्त्र मिलों का संघ है।

## ➢ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य-

1. सूती वस्त्र उद्योग कृषि आधारित सबसे बड़ा उद्योग।
2. यह एक परम्परागत उद्योग है।
3. महिलाएँ इस उद्योग में सर्वाधिक कार्यरत है।

- **महाराजा उम्मेद मिल्स लिमिटेड-** (पाली)
  ↳ 1939 (राजस्थान की सबसे बड़ी सूती वस्त्र मिल)

**NOTE:-** भीलवाड़ा को 'राजस्थान का मैनचेस्टर'/ वस्त्रनगरी/ टैक्सटाइल सिटी कहा जाता है।

Springboard ACADEMY

## उभरता हुआ वस्त्र नगर- भिवाड़ी

### २. चीनी उद्योग-

(कच्चा माल- गन्ना एवं चुकन्दर)

#### राजस्थान में चीनी मिलें

- मेवाड़ शुगर मिल
  - १९३२ (चित्तौड़)
  - प्रथम निजी चीनी मिल
- उदयपुर शुगर मिल (1976)
- गंगानगर शुगर मिल (1937) श्री गंगानगर
  - ↓ प्रथम- सार्वजनिक चीनी मिल (1956)
- केशोरायपाटन शुगर मिल (1965 बूंदी)
  - ↓ प्रथम- सहकारी चीनी मिल

**Note**:- गंगानगर शुगर मिल एकमात्र शुगर मिल है जहाँ 1968 में चुकन्दर व गन्ने से चीनी बनाई गई। वर्तमान में यह बन्द है। जिसके द्वारा वर्तमान में निम्नलिखित उपक्रमों का संचालन किया जा रहा है,

**गंगानगर शुगर मिल**
- देशी शराब का निर्माण
- हैरिटेज लिकर का निर्माण (जयपुर)
- दी हाइटेक प्रिसिजन ग्लास फैक्ट्री (धौलपुर)
- सैनिटाइजर का निर्माण

### ३. ऊन उद्योग :- [आधार- पशु सम्पदा (भेड़, ऊँट)]

ऊन उत्पादन सर्वाधिक (२०२२-२३ के अनुसार)- 1. राजस्थान (47.98 %)
२. J&K

#### प्रमुख ऊन उद्योग-

1. केन्द्रीय ऊन बोर्ड - जोधपुर

Springboard Academy

**ऊन कॉम्पलैक्स**
↓
1. खारा (बीकानेर)
2. ब्यावर
3. नरबदखेड़ा
4. गुहाना (ब्यावर)

2. राजस्थान में सर्वाधिक ऊन उत्पादन - जोधपुर
3. राजस्थान में सबसे बड़ी ऊन मण्डी - बीकानेर
4. वूल टेस्टिंग प्रयोगशाला - बीकानेर
5. स्टेट वूल मिल - बीकानेर
6. ऊन प्रशिक्षण केन्द्र - जयपुर
7. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान केन्द्र - अविकानगर (टोंक)
8. वर्स्टेड स्पिनिंग मिल्स - लाडनूं (डीडवाना-कुचामन) एवं चूरू

### 4. वनस्पति घी एवं सरसों तेल उद्योग-

- राजस्थान में प्रथम वनस्पति घी फैक्ट्री - भीलवाड़ा (स्थापना-1964)
- वर्तमान में वनस्पति घी का सर्वाधिक उत्पादन - जयपुर
- सरसों तेल का सर्वाधिक उत्पादन - जयपुर
- सरसों तेल के प्रमुख कारखानें -
  - चम्बल - जयपुर
  - वीर बालक - जयपुर
  - नेताजी - जयपुर
  - इंजन मार्का - भरतपुर

### 5. डेयरी उद्योग-

राजस्थान में डेयरी उद्योग का सर्वाधिक विकास - जयपुर में

राजस्थान राज्य डेयरी विकास निगम - 1975 (जयपुर)
↳ विश्व बैंक के सहयोग से।

Springboard Academy

डेयरी विकास के लिए राज्य में त्रिस्तरीय ढाँचा बनाया गया-

- **शीर्ष**
  RCDF - 1977
  राज. राज्य सहकारी संघ (जयपुर)
- **जिला स्तर पर-**
  जिला दुग्ध सहकारी संघ - 24
- **ग्रामीण स्तर पर-**
  प्राथमिक सहकारी दुग्ध समितियाँ- 18,781

RCDF ( Rajasthan co-operative dairy federation) को राजस्थान डेयरी विकास निगम के स्थान पर बनाया गया।

NOTE :-

➤ राजस्थान में संचालित प्रमुख डेयरी-

- राजस्थान की प्रथम डेयरी - पद्मा (अजमेर), 1938
- वरमूल (WRMUL) – Western Rajasthan Milk Union Ltd (जोधपुर)
- उरमूल (URMUL) – Uttari Rajasthan Milk Union Ltd. (बीकानेर)
- गंगमूल (Gangmul)– Ganganagar Milk Union Ltd. (हनुमानगढ़)
- कैमल मिल्क डेयरी - Ist = बीकानेर, 2009 (जोड़बीड़)
  IInd = जैसलमेर, 2021 (पोकरण)
- मेट्रो डेयरी - गोविंदगढ़ (जयपुर ग्रामीण) ⟶ क्षमता- 11 लाख लीटर

➤ ऊँटनी के दुग्ध विपणन का केन्द्र जयपुर में स्थापित किया गया है।
क्षमता - 21000 लीटर / day

6. बायोडीजल-

- कच्चा माल - रतनजोत / जैट्रोफा एवं करंज
- बायोडीजल रिफाइनरी - कलड़वास (उदयपुर)
- बायोडीजल प्लांट - झामर कोटड़ा (उदयपुर)

Springboard Academy

## 7. जैतून तेल/ ऑलिव ऑयल-

- कच्चा माल- जैतून
- जैतून रिफाइनरी - लुणकरणसर (बीकानेर)

नोट:- ऑलिव टी-प्लांट जयपुर ग्रामीण (बस्सी) में स्थापित किया गया है।
↳ सहयोग - इजराइल

## II. खनिज आधारित उद्योग-

- सीमेंट उद्योग
- काँच उद्योग
- नमक उद्योग
- मार्बल उद्योग
- ग्रेनाइट उद्योग
- अभ्रक उद्योग

### 1. सीमेंट उद्योग- [सर्वाधिक सीमेंट उत्पादन -चित्तौड़गढ़ (निम्बाहेड़ा)]

- कच्चा माल- चूना पत्थर, जिप्सम व सिलिका
- प्रथम सीमेंट फेक्ट्री - ACC (एसोसिएट सीमेंट कम्पनी) लाखेरी (बूंदी)
- स्थापना - 1915 ई. (उत्पादन 1917 ई.) (सहयोग- क्लिक निक्सन)

#### सफेद सीमेंट फैक्ट्री-

1. J.K व्हाइट सीमेंट फैक्ट्री - गोटन (नागौर), 1984
2. J.K व्हाइट सीमेंट फैक्ट्री - मांगरोल (चित्तौड़)
3. बिरला व्हाइट सीमेंट फैक्ट्री - खारियाखंगार (जोधपुर)

#### सीमेंट उत्पादन की प्रमुख इकाईयाँ-

- J.K सीमेंट फैक्ट्री - निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़)
- अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री - चित्तौड़गढ़
- चेतक सीमेंट फैक्ट्री - चित्तौड़गढ़

Springboard Academy

- ✓ लाफार्ज सीमेंट फैक्ट्री - चित्तौडगढ़
- ✓ एसोसिएट सीमेंट फैक्ट्री - लाखेरी (बूँदी)
- ✓ बांगड़ सीमेंट फैक्ट्री - पाली
- ✓ बिनानी सीमेंट फैक्ट्री - पिंडवाड़ा (सिरोही)
- ✓ श्री सीमेंट फैक्ट्री = (3) → श्री गंगानगर, झुंझुनूं, ब्यावर
- ✓ श्री राम सीमेंट फैक्ट्री - श्री राम नगर (कोटा)
- ✓ ग्रासिम सीमेंट फैक्ट्री - कोटपुतली - बहरोड़
- ✓ मंगलम सीमेंट फैक्ट्री - मोडक (कोटा)
- ✓ जयपुर सीमेंट फैक्ट्री - सवाई माधोपुर
- ✓ अम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री - • राबड़ियावास (ब्यावर) → पहले पाली में स्थित।
  - • मुंडवा - मारवाड़ (नागौर)
- ✓ वंडर सीमेंट फैक्ट्री - चित्तौड़
- ✓ J & K लक्ष्मी सीमेंट फैक्ट्री - सिरोही

## 3. काँच उद्योग-

कच्चा माल- सिलिका सैंड, सोडियम सल्फेट, शोरा

राजस्थान में काँच उद्योग का सर्वाधिक विकास - धौलपुर व अलवर

**प्रमुख काँच फैक्ट्री**

- **धौलपुर**
  - ➤ धौलपुर ग्लास फैक्ट्री
  - ➤ दी हाइटेक प्रिसिजन ग्लास फैक्ट्री
- **कोटा**
  - ➤ सेमकोर ग्लास फैक्ट्री
- **अलवर**
  - ➤ सेंट गोबेन ग्लास फैक्ट्री (भिवाड़ी, खैरथल - तिजारा)

## 3. नमक उद्योग-

• प्रमुख स्रोत- महासागरीय जल एवं खारे पानी की झील

• इस उद्योग का प्रमुख आधार राजस्थान में खारे पानी की झीलें हैं।

Springboard ACADEMY

## नमक उद्योग

- सांभर → संचालन = हिन्दुस्तान सॉल्ट लिमिटेड द्वारा
  (जयपुर ग्रामीण)
  (सर्वाधिक नमक उत्पादन)
- पचपदरा (बालोतरा)
  (सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का नमक)
- डीडवाना (नागौर)
  (निम्नतम श्रेणी का नमक)

### 4. मार्बल उद्योग-

- मार्बल उद्योग में राजस्थान का प्रथम स्थान है।
- राजसमंद मे सर्वाधिक मार्बल उत्पादन।
  - ↳ सर्वाधिक मार्बल प्रोसेसिंग इकाईयाँ
- किशनगढ़ (अजमेर) मार्बल मण्डी का सबसे बड़ा विपणन केन्द्र।
- राजस्थान का सफेद मार्बल (मकराना, डीडवाना कुचामन) विश्व प्रसिद्ध माना जाता है।

### 5. ग्रेनाइट उद्योग-

इस पत्थर का उत्पादन सर्वाधिक राजस्थान के जालोर, बाड़मेर सिरोही क्षेत्र से होता है।

- जालोर को राजस्थान में ग्रेनाइट सिटी कहा जाता है।

### 6. अभ्रक उद्योग-

- राजस्थान में अभ्रक ईंट बनाने का कारखाना - भीलवाड़ा
- भीलवाड़ा का अभ्रक / माईका सिटी भी कहा जाता है।
- उपयोग- अभ्रक से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाए जाते है।

## III. वनोत्पाद आधारित उद्योग-

- ➢ लकड़ी का नक्काशीदार फर्नीचर - बाड़मेर
- ➢ गोंद उत्पादन - चौहटन (बाड़मेर)

Springboard ACADEMY

- टसर रेशम उत्पादन (कार्यक्रम - 1986)
  ↳ उदयपुर, बांसवाड़ा, कोटा में संचालित किया गया।

## IV. इंजीनियरिंग या तकनीकी उद्योग-

| उद्योग | उत्पाद | स्थान |
|---|---|---|
| नेशनल इंजीनियरिंग कम्पनी | बॉल एवं बेरिंग | जयपुर |
| जयपुर मेटल्स | बिजली के मीटर | जयपुर |
| केप्सटन मीटर | पानी के मीटर | जयपुर, पाली |
| राजस्थान इले० कॉर्पोरेशन | टी.वी | जयपुर |
| मान इण्डस्ट्रीज | लोहे के दरवाजे एवं टॉवर निर्माण | जयपुर |
| केबल इण्डस्ट्रीज | केबल | कोटा |
| इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड | यंत्र/मशीन | कोटा |
| J&K इलेक्ट्रॉनिक्स | टी.वी. | कोटा |
| फ्लोर्सपार संयंत्र | लोहे के साथ मिलाकर संयंत्र निर्माण | डूंगरपुर |
| सिमको वैगन फैक्ट्री (1957) | रेलवे डिब्बों का निर्माण | भरतपुर |

## V. रासायनिक उर्वरक उद्योग-

- चम्बल फर्टिलाइजर्स एवं केमिकल्स - गढ़ेपान (कोटा)
- राष्ट्रीय केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स (DAP - डाई-अमोनियम फॉस्फेट)
  - कपासन (चित्तौड़गढ़)
- राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स - डीडवाना (नागौर) - 1964
- पाइराइट एण्ड फॉस्फेट लिमिटेड - सलादीपुरा (सीकर)

Springboard Academy

## स्वामित्व के आधार पर

- निजी उद्योग — व्यक्तिगत आधार
- सार्वजनिक उद्योग — सरकार का अधिकार
- सहकारी उद्योग — व्यक्तिगत एवं सरकार दोनों का अधिकार

## सार्वजनिक उद्योग

1. केन्द्र सरकार के उपक्रम - 7
2. राज्य सरकार के उपक्रम - 23
   - 6 वैधानिक बोर्ड
   - 17 कम्पनी अधिनियम

### 1. केन्द्र सरकार के उपक्रम-




### 2. राज्य सरकार के उपक्रम-

#### # वैधानिक बोर्ड- 6

- 1955 → राजस्थान वित्त निगम
- 1957 → कृषि भण्डारण निगम
- 1 Oct. 1964 → राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (RSRTC)

Springboard Academy

1970 → राजस्थान राज्य हाउसिंग बोर्ड निगम (RHB)
1974 → राज्य कृषि विपणन बोर्ड
1975 → राज्य भूमि विकास निगम

# कम्पनी अधिनियम - 17

राजस्थान के कम्पनी अधिनियम में संचालित उपक्रम - 17 है, जिसमें से प्रमुख-

1. RSMML – Raj State Mines & Minerals Ltd. (30 oct. 1974) उदयपुर
2. राज्य विद्युत वितरण निगम - जोधपुर, अजमेर, जयपुर
3. REIL - Rajasthan electronics & Instruments Ltd. - कनकपुर (जयपुर)
   → इसके द्वारा सॉफ्टवेयर IT, नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण किया जाता है।

## C. औद्योगिक विकास के प्रयास

- औद्योगिक नीति
- औद्योगिक पार्क व कॉम्पलैक्स
- औद्योगिक गलियारा
- औद्योगिक विकास योजनाएँ
- विशेष औद्योगिक क्षेत्र- (SEZ)
- औद्योगिक निवेश कार्यक्रम
- औद्योगिक विकास संस्थान

Springboard Academy

## I. राजस्थान में औद्योगिक नीतियाँ-

- **सामान्य नीतियाँ**
  - 1978 (प्रथम)
  - 1991
  - 1994
  - 1998
  - 2010
  - 1 जुलाई २019 (नई औद्योगिक नीति)
- **MSME नीति (Micro Small Medium Enterprises Policy)**
  - २0 नवम्बर, 2015
  - 17 सितम्बर, २0२२
- **हैंडीक्राफ्ट/हस्तशिल्प नीति**
  - 17 सितम्बर, २0२२

## II. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ)- क्रियान्वयन- RIICO द्वारा

→ राजस्थान में सर्वाधिक SEZ जयपुर में स्थित है।

| प्रमुख सेज | संबंधित क्षेत्र | जिला / स्थिति |
|---|---|---|
| बोरानाडा सेज | ग्वारगम, हैण्डीक्राफ्ट | जोधपुर (मानसरोवर) |
| सीतापुरा सेज | जेम्स & ज्वैलरी | जयपुर |
| महिन्द्रा सेज | आई.टी. हैण्डीक्राफ्ट | जयपुर (कलवाड़ा) |
| सोमानी सेज | हार्डवेयर एण्ड सॉफ्टवेयर | खैरथल-तिजारा |
| RNB सेज | टैक्सटाईल | बीकानेर |
| वाटिका सेज (प्रस्तावित) | I.T | जयपुर |

Springboard ACADEMY

## III. औद्योगिक पार्क एवं कॉम्पलैक्स-

| | |
|---|---|
| 1. जापानी पार्क (जेट्रो) → (JETRO - Japan External Trade Organization) | 1. नीमराना (कोटपुतली-बहरोड़)<br>2. घिलोट (कोटपुतली-बहरोड़) |
| 2. कोरियन पार्क → (KOTRA - Korea Trade Investment Promotion Agency) | घिलोट (कोटपुतली-बहरोड़) |
| 3. सिरेमिक जोन → | घिलोट |
| 4. एग्रो फूड पार्क (राज्य सरकार) → | श्रीगंगानगर, जोधपुर, कोटा, अलवर |
| 5. मेगा फूड पार्क (केन्द्र सरकार) → | रूपनगढ़ (अजमेर)<br>प्रस्तावित - मथानिया (जोधपुर)<br>पलाना (बीकानेर) |
| 6. सूचना तकनीकी पार्क (I.T पार्क) → | जयपुर, कोटा, उदयपुर, जोधपुर |
| 7. मसाला पार्क (Spice Park) → | 1st - मथानिया, जोधपुर,<br>2nd - रामगंज मण्डी, कोटा |
| 8. परिधान पार्क / अपैरल पार्क → | जगतपुरा (महल रोड), जयपुर |
| 9. स्टोन पार्क → | मण्डोर (जोधपुर), मासलपुर (करौली), बिसनौदा (धौलपुर) मण्डाना (कोटा) |
| 10. साफ्टवेयर पार्क → | कनकपुरा (जयपुर) |
| 11. पुष्प पार्क → | खुशखेड़ा (खैरथल-तिजारा) |
| 12. होजरी पार्क → | चौपंकी (खैरथल-तिजारा) |

Springboard ACADEMY

| | |
|---|---|
| 13. निर्यात संवर्द्धन औद्योगिक पार्क → | सीतापुरा (जयपुर), बोरानाडा (जोधपुर), नीमराना (कोटपुतली-बहरोड़) |

**NOTE-** देश का प्रथम निर्यात संवर्द्धन औद्योगिक पार्क - सीतापुरा, जयपुर (1997)

**कॉम्पलैक्स-**

| | |
|---|---|
| 1. ऊन कॉम्पलैक्स → | खारा (बीकानेर), ब्यावर, गोहना (ब्यावर) नरबदखेड़ा (ब्यावर) |
| 2. सिरेमिक कॉम्पलैक्स → | खारा (बीकानेर) |
| 3. लेदर कॉम्पलैक्स → | मानपुरा माचेड़ी (जयपुर-ग्रामीण) |
| 4. पेट्रो कॉम्पलैक्स → | बालोतरा |

## IV. औद्योगिक निवेश कार्यक्रम-

1. रिसर्जेंट राजस्थान → (2008)
2. रिसर्जेंट राजस्थान → (Nov. 2015)
3. निवेश/इन्वेस्ट राजस्थान समिट → (7 Oct. 2022)
4. राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट (2024) (9-10-11 दिसम्बर)

- उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सर्वाधिक निवेश 'ऊर्जा क्षेत्र' में हुआ है।
- राजस्थान राइजिंग के आँकड़े आना अभी बाकी है। (Update)

Springboard ACADEMY

नोट:- निवेश कार्यक्रम का आयोजन करवाने वाली नोडल एजेंसी- BIP (ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन)

- गठन- 1991
- उद्देश्य- 10 करोड़ से अधिक के औद्योगिक निवेश

## (V) दिल्ली मुम्बई-इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर –

वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडॉर–

- 1504 कि.मी.
- दादरी (U.P) से JLN पोर्ट (मुम्बई)
- 38% (लम्बाई लगभग -570 कि.मी) राजस्थान से गुजरता है (कुल 6 राज्य व U.T से)
- सहायता - जापान
- उद्देश्य - औद्योगिक निर्यात को बढ़ावा देना।

DMIC के दोनों तरफ 150 कि.मी. की पट्टी को DMIC के रूप में विकसित किया जायेगा, जिसमें 24 औद्योगिक क्षेत्र एवं 8 औद्योगिक निवेश क्षेत्र बनाए जायेंगे, जिसमें से राजस्थान में—

**निवेश क्षेत्र**

(i) अजमेर - किशनगढ़

(ii) खुशखेड़ा - भिवाड़ी - नीमराना

28 Dec. 2020 को 'विशेष निवेश क्षेत्र' के रूप मे अधिसूचित

**औद्योगिक क्षेत्र**

(i) जयपुर - दौसा औद्योगिक क्षेत्र

(ii) राजसमंद - भीलवाड़ा औद्योगिक क्षे

(iii) जोधपुर - पाली - मारवाड़

(RIICO की जिम्मेदारी)

12 Oct 2020 को 'विशेष निवेश क्षेत्र' के रूप मे अधिसूचित

Springboard ACADEMY

## राजस्थान में DMIC का प्रथम चरण-

(a) खुशखेड़ा - भिवाड़ी - नीमराना (165 कि.मी.²)

(b) जोधपुर - पाली - मारवाड़ (154 कि.मी.²)

↓

इनके विकास हेतु एक संयुक्त स्पेशल पर्पज व्हीकल कंपनी - "राजस्थान इंडस्ट्रीयल डवलपमेंट कॉरपोरेशन" (RIDCO) की स्थापना

- 15 मार्च, 2022

**NOTE**- प्रथम चरण में पूर्णतः राजकीय भूमि (Gov. Land) शामिल है।

## VI. औद्योगिक संस्थान

| RFC | RAJSICO | RIICO | RUDA |
|---|---|---|---|
| 1955 | 3 जून, 1961 | 1969 | 1995 |
| (जयपुर) | (जयपुर) | (जयपुर) | (जयपुर) |

(a) RFC ( Rajasthan financial Corporation / राज्य वित्त निगम-

स्थापना - जनवरी, 1955

मुख्यालय - जयपुर

उद्देश्य- अतिलघु, लघु एवं मध्यम उद्योगों को अल्पकालीन ऋण उपलब्ध करवाना। (ऋण राशि 2000-20 करोड़)

## RFC की योजनाएँ-

(i) फ्लैक्सी ऋण योजना- इस योजना के तहत (MSME) अतिलघु, लघु व मध्यम उद्योगों को सस्ती दर पर ऋण उपलब्ध करवाना।

Springboard ACADEMY

(२) टॉप-अप योजना- अतिलघु उद्योगों को तकनीकी व मशीनरी विकास के लिए ऋण उपलब्ध करवाने की योजना।

(३) सैमफैक्स योजना / SEMFEX SCHEME-

(Self Employed for Ex-Serviceman Scheme)

- भूतपूर्व सैनिकों को उद्योग स्थापित करने के लिए सहयोग करने वाली योजना।

> नोट:- RFC के द्वारा विश्वसनीय ऋणियों को सिल्वर, गोल्ड, प्लेटिनम कार्ड जारी किया जाता है।

